an>

Title: Need to provide internet connectivity and set up bank branches and ATMs in Nabarangpur Parliamentary Constituency of Odisha.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं भारत के सबसे पिछड़े संसदीय क्षेत्र से आता हूं जो नवरंगपुर, मल्कानगिरी और कोरापुट जिले में आता है। मेरे क्षेत्र के कई ब्लाक्स में इंटरनेट की कनेक्टिविटी नहीं है और कई जगह बैंकों की शाखाएं नहीं हैं। यदि कहीं बैंक की शाखाएं हैं भी, लेकिन वहां काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। एक-एक बैंक में 12-13 हजार के करीब एकाउंट्स हैं, लेकिन वहां सिर्फ एक क्लर्क है। इस वजह से लोगों को बहुत असुविधा होती है । पहले कैश - जीडीपी रेश्यो 13 परसेंट थी, लेकिन नोटबंदी के बाद करीब 9 परसेंट हो गई है। मल्कानगिरी जैसे जिले में महीने में 100 करोड़ रुपये चाहिए, वहां मुश्किल से 20 करोड़ रुपये ही दिए जा रहे हैं। इसका असर यह हो रहा है कि लोगों को दो-तीन दिन तक बैंकों की लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। एटीएम की सुविधा वहां बहुत कम है। मजदूर और छोटे किसान काम करने की जगह बैंकों की लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। इस वजह से उन्हें रोजी-रोटी कमाने में मुश्किल पैदा हो गई है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वहां पर्याप्त मात्रा में एटीएम की सुविधा दें और बैंकों की हर ब्रांच में दो-तीन क्लर्क देने की जरूरत है। जिन ब्लाक्स जैसे कोसागु-मुड़ा में बैंक नहीं हैं, वहां जल्द से जल्द बैंक खोले जाएं।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री बलभद्र माझी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है। ष